कार्यक्रम के सह संयाजक व वनस्पति विज्ञान विभाग के डॉ. अशोक कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया। डॉ. कुमार ने पृथ्वी दिवस मनाने के सम्बन्ध में इसके इतिहास के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बढ़ते प्रदूषण के कारण ग्लोबल वार्मिंग एवं फलस्वरूप जलवायु परिवर्तन तथा जैव विविधता आदि पर भी प्रकाश डाला। भौतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. अतनु नाग ने पौधारोपण एवं उनके संरक्षण पर जोर दिया। विद्यार्थियों में एम.एससी वनस्पति विज्ञान की छात्रा सुप्रिया सिंह, वर्णिमा, गुंजन मोहर, प्रियांशी अरोड़ा, छात्र उज्जवल एवं एम.एससी जूलॉजी की छात्रा तानिया अवस्थी ने भी अपने-अपने विचार साझा किए। कुछ विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर्स के माध्यम से प्रकृति के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। अंत में डॉ. पूजा नारंग ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वनस्पति विज्ञान विभाग के डॉ. समीर चंद्रा, डॉ. संकेत कुमार, डॉ. उदित यादव, डॉ. वंदना आनंद, श्रीमती मीनू, डॉ. स्मिता ज्योति, डा. अमनप्रीत कौर, डॉ. रोहित कुमार समेत विभाग के अन्य शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में ४० से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। वि०

**21 APRIL**

# आईएफटीएम में वर्ल्ड क्रिएटिविटी एंड इनोवेशन डे के अवसर पर हुआ पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन




**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी), स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी एवं स्कूल ऑफ साइंसेज के संयुक्त तत्वावधान में वर्ल्ड क्रिएटिविटी एंड इनोवेशन डे मनाए जाने के अंतर्गत वन अर्थ वन फैमिली वन फ्यूचर की थीम पर एक ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के 70 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिनमें अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बी.एससी द्वितीय वर्ष की छात्रा दानिया खान ने प्रथम, बीसीए प्रथम वर्ष के छात्र दीपक ने द्वितीय तथा बी.टेक (सीएसई) तृतीय वर्ष की छात्रा पल्लवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विजेता रहे विद्यार्थियों को स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक व आईआईसी के अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक प्रो. बी.के. सिंह ने सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में आईआईसी के संयोजक डॉ. अतनु नाग समेत आयोजन समिति के सदस्यों एवं अन्य कई फैकल्टी मैम्बर्स की महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**19APRIL**

# दैनिक जागरण 10

**मुरादाबाद, 19 अप्रैल, 2024**

## अंडर-16 टीम का हिस्सा बनने को पहुंचे खिलाड़ी

**मुरादाबाद :** डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से आइएफटीएम विश्वविद्यालय में गुरुवार को मुरादाबाद और संभल जिले के अंडर-16 आयु वर्ग के 91 खिलाड़ियों ने चयन ट्रायल में हिस्सा लिया। पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता, संयुक्त सचिव बदरूद्दीन सिद्दिकी, वरिष्ठ खिलाड़ी प्रदीप टंडन व अमन लिट की देखरेख में ट्रायल्स संपन्न हुए। चयनित खिलाड़ियों की टीम बनाई जाएगी, जिसके जल्द लीग कम नाकआउट टूर्नामेंट कराया जाएगा। इसके आधार पर जिले की टीम बनाई जाएगी।



आइएफटीएम विश्वविद्यालय में मानव शृंखला बनाकर अपने घर में मतदाता स्वजन को मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लेते विद्यार्थी • सौ. स्कूल

**19 APRIL**



हिन्दुस्तान

मुरादाबाद, शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024 08

## अंडर 16 के ट्रायल में 91 खिलाड़ियों ने लिया भाग

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्विद्यालय में गुरुवार को डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट एसोसिएशन द्वारा मुरादाबाद और संभल जिले के खिलाड़ियों का ट्रायल आयोजित हुआ। क्रिकेट के अंडर 16 वर्ग आयु ट्रायल में 91 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता, ज्वाइंट सेक्रेटरी बदरूद्दीन सिद्दीकी, वरिष्ठ खिलाड़ी प्रदीप टंडन व अमन लिट के निर्देशन में ट्रायल्स संपन्न हुआ।

**19 APRIL**


अमर उजाला

amarujala.com

मुरादाबाद | शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024

9


# अंडर-16 क्रिकेट टीम के ट्रायल में 91 खिलाड़ियों ने दिखाया दम

अमर उजाला ब्यूरो

**मुरादाबाद।** डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने मुरादाबाद व संभल जिले के अंडर-16 वर्ग के क्रिकेट खिलाड़ियों का ट्रायल आयोजित किया। इसमें दोनों जिलों के 91 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

आईएफटीएम विश्वविद्यालय के मैदान में खिलाड़ियों की प्रतिभा को परखा गया। पूर्व रणजी खिलाड़ी व यूपीसीए के निदेशक विजय गुप्ता ने बताया कि इन खिलाड़ियों को टीमों में बांटकर मैच आयोजित किए जाएंगे। मैचों के आधार पर 11 खिलाड़ियों को चुनकर टीम बनाई जाएगी।

डीएसए के संयुक्त सचिव बदरुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व खिलाड़ी प्रदीप टंडन व अमन लिट की देखरेख में ट्रायल संपन्न हुआ। इस मौके पर मोहम्मद हसीन, जेपी सिंह,

**18APRIL**

अमर उजाला

मुरादाबाद | बृहस्पतिवार, 18 अप्रैल 2024 4

# डीपीएस रेड और ब्लू टीमों ने जीते क्रिकेट मैच

मुरादाबाद। डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने ट्रायल्स के बाद 19 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों के लीग मैच शुरू किए हैं। इसे इंटर क्लब क्रिकेट लीग का नाम दिया गया है। इस लीग के आधार पर मंडल के जिलों की अंडर-19 क्रिकेट टीमें तैयार की जाएंगी।

इस लीग के तहत पहले दो मैच बुधवार को आईएफटीएम विश्वविद्यालय के मैदान पर खेले गए। पहले मैच में डीएसए रेड ने डीएसए ग्रीन को हराया। दूसरे मैच में डीएसए ब्लू ने डीएसए यलो को हराया। पहले मैच में डीएसए रेड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी की।

निर्धारित 40 ओवर के मैच में 33.2 ओवर में 227 रन बनाकर टीम ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए डीएसए ग्रीन 23.2 ओवर में 133 रन बनाकर ढेर हो गई। दूसरे मुकाबले में डीएसए ब्लू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। निर्धारित 40 ओवर में सात विकेट खोकर 212 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए डीएसए यलो 26 ओवर में 200 रन बनाकर सिमट गई। सुरजीत कुमार ने 35 गेंदों में ताबड़तोड़ आठ छक्के और 12 चौके जड़कर शानदार 132 रन की पारी खेली। डीएसए ब्लू के लिए मोहम्मद ओसामा ने पांच व सौरव ने दो विकेट लिए। ब्यूरो

**18 APRIL**

हिन्दुस्तान

मुरादाबाद
गुरुवार
18 अप्रैल 2024
02

# डीएसए रेड और डीएसए ब्लू ने जीते अपने-अपने मैच

मुरादाबाद। जिला स्तरीय अंडर-19 इंटर क्लब क्रिकेट लीग में बुधवार दो मुक़ाबले खेले गये। पहला मुक़ाबला डीएसए रेड और डीएसए ग्रीन के बीच खेला गया। पहले मैच में डीएसए रेड ने टॉस जीतकर बल्लेबाज़ी करते हुए निर्धारित 40 ओवर के मैच में पूरी टीम 33.2 ओवर में 227 रन बनाकर ऑलआउट हो गई, लक्ष्य का पीछा करते हुए डीएसए ग्रीन 23.2 ओवर में 133 रन बनाकर ऑलआउट हो गई, इस तरह यह मैच डीएसए रेड ने जीत लिया। वहीं दूसरा मैच डीएसए ब्लू और डीएसए येलो के बीच खेला गया, जिसमें डीएसए ब्लू टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में 7 विकेट खोकर 212 रन बनाए। डीएसए येलो ने 26 ओवर में 200 रन बना ऑलआउट हो गई। मैच डीएसए ब्लू ने 12 रन से जीत लिया।

## काम की खबरें

1

### आज आईएफटीईएम में होंगे अंडर 16 के ट्रायल

मुरादाबाद। पूर्व रणजी खिलाड़ी यूपीसीए के निदेशक विजय गुप्ता ने बताया कि अंडर16 के ट्रायल गुरुवार को सुबह नौ बजे से आईएफटीईएम में होंगे। जो खिलाड़ी रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं वही ट्रायल के लिए पात्र होंगे।

**18 APRIL**

2 दैनिक जागरण मुरादाबाद, 18 अप्रैल, 2024

# डीएसए रेड और डीएसए ब्लू ने जीते अपने मुकाबले

मुरादाबाद : डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से आइएफटीएम विश्वविद्यालय के मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता जारी है। बुधवार को जिला स्तरीय अंडर-19 इंटर क्लब क्रिकेट लीग में दो मैच खेले गए।

पहला मैच डीएसए रेड और डीएसए ग्रीन के बीच और दूसरा मैच डीएसए ब्लू और डीएसए येलो के बीच खेला गया। डीएसए रेड की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। पूरी टीम 227 रन बनाकर आलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीएसए ग्रीन की टीम 133 रन बनाकर आलआउट हो गई। दूसरे मैच में डीएसए ब्लू ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में सात विकेट खोकर 212 रन बनाए। लक्ष्य हासिल करने उतरी डीएसए येलो की टीम 26 ओवर में 200 रन बनाकर ढेर हो गई। मैच में आब्जर्वर बदरुद्दीन सिद्दीकी रहे। यहां डीएसए सचिव विजय गुप्ता, खेल निदेशक वैभव त्रिवेदी, मोहम्मद हसीन, विपुल चौधरी आदि मौजूद रहे।

**17APRIL**

दैनिक जागरण

मुरादाबाद, 17 अप्रैल, 2024

# अंडर–16 क्रिकेट जिला टीम के लिए ट्रायल कल

**मुरादाबाद** : जिला स्तरीय क्रिकेट टीम में जगह बनाने के लिए अंडर–16 के खिलाड़ियों के ट्रायल आज आइएफटीएम विश्वविद्यालय के मैदान में होगा। डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव विजय गुप्ता ने कहा ट्रायल में वही हिस्सा ले सकते हैं, जिन्होंने निर्धारित शुल्क मुरादाबाद कार्यालय में जमा की है।

**17APRIL**

अमर उजाला

मुरादाबाद ■ बुधवार, 17 अप्रैल 2024 8

## शिक्षक सत्यभान सिंह की पुस्तक का हुआ विमोचन

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के शिक्षक डॉ. सत्यभान सिंह की लिखी पुस्तक ''फंडामेंटल्स ऑफ एग्रोनॉमी'' का विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पांडेय के कर-कमलों से विमोचन किया गया। कुलपति प्रो. महेंद्र प्रसाद पांडेय ने कहा कि यह पुस्तक शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों सभी के लिए बेहद उपयोगी सिद्ध होगी। कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कहा कि यह पुस्तक शिक्षा जगत से जुड़े लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। निदेशिक प्रो. वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि पुस्तकें मार्गदर्शन का काम करने के साथ ही नए शिक्षकों को भी पुस्तक लेखन के प्रति प्रेरणा मिलती है। ब्यूरो

## 18 अप्रैल को होंगे अंडर 16 के क्रिकेट ट्रायल्स

मुरादाबाद। जोन के 16 वर्ष से कम आयु के क्रिकेट खिलाड़ियों के ट्रायल 18 अप्रैल को आईएफटीएम विश्वविद्यालय के मैदान पर होंगे। इसके बाद जिलों की टीम बनाई जाएगी। डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता ने बताया कि ट्रायल्स में वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे, जिन्होंने यूपीसीए के तहत पंजीकरण करा लिया है। ट्रायल्स के बाद जिले की टीम बनाने के लिए मैच आयोजित किए जाएंगे। ब्यूरो

**16APRIL**

## ● आईएफटीएम विश्वविद्यालय में

# 'स्ट्रेटजी टू प्रिपेयर क्रिमिनल प्रोसीजर कोड फॉर ज्यूडिशियरी एग्जामिनेशन' विषय पर आयोजित हुआ अतिथि व्याख्यान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ लॉ की ओर से ''स्ट्रेटजी टू प्रिपेयर क्रिमिनल प्रोसीजर कोड फॉर ज्यूडिशियरी एग्जामिनेशन'' विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ न्याय की देवी की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्पण कर किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विधि की पढ़ाई का क्रेज बढ़ता जा रहा है। आज की युवा पीढ़ी कानून के विविध क्षेत्रों में अपना करियर बनाना चाहती है। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों और अन्य उपस्थित प्रतिभागियों को इस व्याख्यान का अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक व स्कूल ऑफ लॉ के निदेशक प्रो. एस.बी. मिश्रा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य वक्ता व अनअकेडमी के टॉप एजुकेटर श्री फैजान खान का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान विषय विशेषज्ञ व मुख्य अतिथि श्री खान द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की बारीकियों को समझाया गया। उन्होंने अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों को बताया कि किसी भी विषय को किस तरह से पढ़ा जाए, ताकि प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त की जा सके। व्याख्यान के दौरान उन्होंने लागू होने वाली नई अपराधिक विधियों में से एक 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता' के कुछ विषयों पर भी विद्यार्थियों के साथ चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर श्रीमती कल्पना शर्मा द्वारा किया गया।



कार्यक्रम के सफल आयोजन में सह संयोजक व विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. योगेन्द्र सिंह एवं आयोजन सचिव व विधि विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर श्री विवेकानंद समेत अन्य फैकल्टी मैम्बर्स का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में असिस्टेंट प्रोफेसर श्री उदयवीर सिंह द्वारा सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। व्याख्यान के दौरान विभिन्न स्कूलों के निदेशक, स्कूल ऑफ लॉ के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं तथा 100 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**16 APRIL**

हिन्दुस्तान

मुरादाबाद 06
मंगलवार, 16 अप्रैल 2024

# स्ट्रेटजी टू प्रिपेयर क्रिमिनल प्रोसीजर पर हुआ व्याख्यान

मुरादाबाद। आईएफटीएम में स्कूल ऑफ लॉ की ओर से 'स्ट्रेटजी टू प्रिपेयर क्रिमिनल प्रोसीजर कोड फॉर ज्यूडिशियरी एग्जामिनेशन' विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विवि के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कहा कि विधि की पढ़ाई का क्रेज बढ़ता जा रहा है। आज की युवा पीढ़ी कानून के विविध क्षेत्रों में अपना कॅरियर बनाना चाहती है। विद्यार्थियों और अन्य प्रतिभागियों को इस व्याख्यान का अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक व स्कूल ऑफ लॉ के निदेशक प्रो. एसबी मिश्रा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य वक्ता व अनअकेडमी के टॉप एजुकेटर फैजान खान का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान विषय विशेषज्ञ व मुख्य अतिथि खान ने दंड प्रक्रिया संहिता की बारीकियों को समझाया।

**16 APRIL**

अमर उजाला

amarujala.com

मुरादाबाद | मंगलवार, 16 अप्रैल 2024

5

## दंड प्रकिया संहिता की बारीकियां समझाईं

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्ट्रेटजी टू प्रिपेयर क्रिमिनल प्रोसीजर कोड फॉर ज्यूडिशियरी एग्जामिनेशन विषय पर अतिथि व्याख्यान हुआ। इसमें मुख्य वक्ता अनएकेडमी के टॉप एजुकेटर फैजान खान ने विद्यार्थियों को दंड प्रकिया संहिता की बारीकियां समझाईं। न्याय की देवी की प्रतिमा के समक्ष फूल अर्पित कर कार्यक्रम शुरू किया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विधि की पढ़ाई का क्रेज बढ़ता जा रहा है। आज की युवा पीढ़ी कानून के विविध क्षेत्रों में अपना करियर बनाना चाहती है। ब्यूरो

**16 APRIL**

# आईएफटीएम के 33 विद्यार्थियों को मिली जॉब

**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमैंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से डिप्लोमा, इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 10, डिप्लोमा, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 12, डिप्लोमा, इलैक्ट्रोनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के 10 विद्यार्थियों का फरीदाबाद, हरियाणा स्थित कम्पनी एसकेएच मेटल्स लि0 एवं एमबीए के 01 विद्यार्थी का मुरादाबाद स्थित कम्पनी इंडिया मार्ट इंटरनेशनल लि0 में आकर्षक वेतनमान पर चयन हुआ है। विद्यार्थियों की इस सफलता के लिए विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि आप सभी पूरे मनोयोग से अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें और ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करें। प्रो. अग्रवाल ने यह भी कहा कि विद्यार्थी अपनी स्किल क्षमता में निरन्तर वृद्धि करते रहें। इस अवसर पर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल के निदेशक श्री के.के. बंसल ने उक्त कम्पनियों के एचआर मैनेजर्स श्री राधेश्याम श्री सारांश सक्सेना एवं श्री अनुज यादव के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी पॉलीटैक्निक के निदेशक प्रो. वैभव त्रिवेदी एवं स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमैंट की निदेशका प्रो. निशा अग्रवाल ने भी चयनित विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। प्लेसमेंट ड्राइव सम्पन्न कराने में सीनियर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट अधिकारी आशीष अग्रवाल ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट अधिकारी तथा सम्बन्धित स्कूल तथा यूनिवर्सिटी पॉलीटैक्निक के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट समन्वयक डॉ. संजय कुमार सिंह, डॉ. अर्चना कटारिया, अंकित अग्रवाल, संजीव कुमार सिंह, अरविन्द चौधरी एवं जावेद का योगदान रहा।

**16 APRIL**

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय के 33 विद्यार्थियों को मिली जॉब

**युग बन्धु समाचार**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमैंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से डिप्लोमा, इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 10, डिप्लोमा, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 12, डिप्लोमा, इलैक्ट्रोनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के 10 विद्यार्थियों का फरीदाबाद, हरियाणा स्थित कम्पनी एसकेएच मेटल्स लि0 एवं एमबीए के 01 विद्यार्थी का मुरादाबाद स्थित कम्पनी इंडिया मार्ट इंटरनेशनल लि0 में आकर्षक वेतनमान पर चयन हुआ है। विद्यार्थियों की इस सफलता के लिए विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि आप सभी पूरे मनोयोग से अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें और ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करें। प्रो. अग्रवाल ने यह भी कहा कि विद्यार्थी अपनी स्किल क्षमता में निरन्तर वृद्धि करते रहें। इस अवसर पर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल के निदेशक श्री के.के. बंसल ने उक्त कम्पनियों के एचआर मैनेजर्स राधेश्याम सारांश सक्सेना एवं अनुज यादव के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी पॉलीटैक्निक के निदेशक प्रो. वैभव त्रिवेदी एवं स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमैंट की निदेशका प्रो. निशा अग्रवाल ने भी चयनित विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं।

प्लेसमेंट ड्राइव सम्पन्न कराने में सीनियर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट अधिकारी श्री आशीष अग्रवाल ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट अधिकारी तथा सम्बन्धित स्कूल तथा यूनिवर्सिटी पॉलीटैक्निक के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट समन्वयक डॉ. संजय कुमार सिंह, डॉ. अर्चना कटारिया, अंकित अग्रवाल, संजीव कुमार सिंह, अरविन्द चौधरी एवं जावेद का योगदान रहा।

**16 APRIL**

# आईएफटीईएम विश्वविद्यालय के 33 विद्यार्थियों को मिली जॉब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्व. विद्यालय के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमैंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से डिप्लोमा, इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 10, डिप्लोमा, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 12, डिप्लोमा, इलैक्ट्रोनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के 10 विद्यार्थियों का फरीदाबाद, हरियाणा स्थित कम्पनी "एसकेएच मेटल्स लि0" एवं एमबीए के 01 विद्यार्थी का मुरादाबाद स्थित कम्पनी "इंडिया मार्ट इंटरनेशनल लि0' में आकर्षक वेतनमान पर चयन हुआ है। विद्यार्थियों की इस सफलता के लिए विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि आप सभी पूरे मनोयोग से अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें और ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करें। प्रो. अग्रवाल ने यह भी कहा कि विद्यार्थी अपनी स्किल क्षमता में निरन्तर वृद्धि करते रहें। इस अवसर पर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल के निदेशक श्री के.के. बंसल ने उक्त कम्पनियों के एचआर मैनेजर्स श्री राधेश्याम श्री सारांश सक्सेना एवं श्री अनुज यादव के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी पॉलीटैक्निक के निदेशक प्रो. वैभव त्रिवेदी एवं स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमैंट की निदेशका प्रो. निशा अग्रवाल ने भी चयनित विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। प्लेसमेंट ड्राइव सम्पन्न कराने में सीनियर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट अधिकारी श्री आशीष अग्रवाल ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट अधिकारी तथा सम्बन्धित स्कूल तथा यूनिवर्सिटी पॉलीटैक्निक के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट समन्वयक डॉ. संजय कुमार सिंह, डॉ. अर्चना कटारिया, अंकित श्री संजीव कुमार सिंह, श्री अरविन्द चौधरी एवं जावेद का योगदान रहा।

## रेलवे ट्रैक पार कर रहे मजदूर की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत



**कुंदरकी।** नगर के लाइनपार रेलवे पुलिया के ऊपर रेलवे ट्रैक पार कर रहे मजदूर की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत। 30 वर्षीय जुबेर पुत्र हाफिज शेर अली निवासी लाइनपार कुंदरकी मजदूरी करने के लिए जा रहा था जहां मंगलवार की सुबह बताया जा रहा है कुंदरकी लाइनपार रेलवे पुलिया के ऊपर से होकर रेलवे ट्रैक पार कर रहा था इसी दौरान लगभग सुबह 5 बजे ट्रेन की चपेट में आकर युवक की दर्दनाक मौत हो गई हादसे की जानकारी पाते ही लोगों में अफरा तफरी मच गई और पुलिस भी पहुँच गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया मृतक की पत्नी खुशनुमा व दो बच्चे आशिया जुनैद अली व पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है जुबेर को पीएम के बाद निकट कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया।


**बेदखली सूचना**

मैंने अपने बड़े पुत्र मौहम्मद अफजाल व उसकी पत्नी को गलत संगत/गलत आचरण में पड़ने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगें। आज दिनांक 16.04.2024 से मेरा व मेरे परिवार के अन्य किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **मौहम्मद शफी पुत्र रमजानी निवासी मौहल्ला नावपुर चांद वाली मस्जिद, भोजपुर धर्मपुर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**न्यायालय अपर उपजिलाधिकारी (सदर) जिला मुरादाबाद।**

**वाद सं.** डी-202313540005496

**धारा 116 राजस्व संहिता अधि० 2006, ग्राम मथाना तहसील कांठ।**

**तारीख पेशी:** 22.04.2024

श्रीमती प्रतिमा यादव पत्नि कौशल सिंह निवासी ग्राम ईसापुर तहसील व जिला अमरोहा-**वादनी।**

**बनाम**

1. हेमराज सिंह, 2. हरपाल सिंह पुत्रगण कूड़े सिंह निवासी ग्राम मथाना तहसील कांठ जिला मुरादाबाद, 3. लक्ष्मी कान्त पिंकी पुत्र ओमप्रकाश निवासी ताजपुर तहसील चांदपुर जिला बिजनौर, 4. शांति देवी मैमोरियल एजूकेशनल सोसाइटी राजा का ताजपुर तहसील चांदपुर जिला बिजनौर। द्वारा अध्यक्ष लक्ष्मी कांत पिंकी पुत्र ओम प्रकाश निवासी ताजपुर तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर, 5. सांई सेवा इन्फ्रास्टेड प्रा0 लिमि. सिविल लाइंस

**10APRIL**

www.livehindustan.com

हिन्दुस्तान

मुरादाबाद, बुधवार, 10 अप्रैल 2024

06



आईएफटीएम में रेत पर रंगोली बनाकर मतदान करने की अपील करते छात्र।

## रंगोली बना फैलाई मतदान के प्रति जागरूकता

मुरादाबाद। आईएफटीएम विवि में एक्टिविटी क्लब और इलेक्ट्रोरल लिटरेसी क्लब की ओर से 'चुनावी साक्षरता' विषय पर सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पोस्टर मेकिंग और पोस्ट कार्ड लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। सीडीओ एवं नोडल ऑफिसर सुमित यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्पण कर सत्र का शुभारंभ किया।

**10 APRIL**

मुरादाबाद, 10 अप्रैल, 2024 दैनिक जागरण 9

# मतदान बढ़ाने के लिए निकाली दिव्यांगजन जागरूकता रैली

जासं, मुरादाबाद : लोकसभा चुनाव में दिव्यांगजन का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मंगलवार को दिव्यांगजन की जागरूकता रैली निकाली गई। रैली सदर तहसील मुरादाबाद से शुरू होकर किला चौराहा, भातु कालोनी होते हुए जिला समाज कल्याण कार्यालय पर संपन्न हुई। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

आइएफटीएम विश्वविद्यालय के 600 छात्र-छात्राओं द्वारा जिले से बाहर काम करने वाले अपने परिवार के सदस्यों व परिचितों से चुनाव में उपस्थित होकर मतदान करने के लिए पोस्टकार्ड भेजकर अनुरोध किया। सेल्फी प्वाइंट पर सीडीओ सुमित यादव ने सेल्फी ली। उधर, एमआइटी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता, अभिभावकों को मतदाता जागरूकता के लिए पोस्ट कार्ड लेखन, पोस्टर प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन, रंगोली और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।



एमआइटी में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली बनातीं छात्राएं • जागरण

**10 APRIL**

# अमर उजाला

मुरादाबाद | बुधवार, 10 अप्रैल 2024 | 6

## वाद-विवाद प्रतियोगिता में शिवम-विशाल जीते

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय में मंगलवार को मतदान का महत्व विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज की ओर से यह कार्यक्रम हुआ। कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाएगा। वाद विवाद प्रतियोगिता में मतदान के हत्व के पक्ष में शिवम भारद्वाज व विपक्ष में विशाल वर्मा अव्वल रहे। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति रिसर्च एंड डेवलपमेंट व फार्मेसी विभाग के डीन प्रो. नवनीत वर्मा ने कहा कि आज के युवाओं को चुनाव का महत्व जानना चाहिए। इस दौरान प्रो. सुशील कुमार, प्रो. अरुण कुमार मिश्रा, प्रो. आशीष कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

**09APRIL**

# आईएफटीएम यूनिवर्सिटी में हुआ मतदान का महत्व विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**युग बन्धु समाचार**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में मतदान का महत्व विषय पर आयोजित हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज की ओर से मतदान का महत्व विषय पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रतियोगिता का आयोजन विद्यार्थियों में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दृष्टि से अत्यंत लाभदायी सिद्ध होगा। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने मतदान की उपयोगिता विषय के संदर्भ में अपने-अपने विचार व्यक्त किए।



इस मौके पर प्रतिकुलपति-रिसर्च एंड डेवलपमेंट व फामेर्सी विभाग के डीन प्रो. नवनीत वर्मा ने कहा कि आज के युवाओं को चुनाव के महत्व और मतदान दोनों के प्रति जागरूक किए जाने की आवश्यकता है, ताकि देश में अच्छी सरकार बन सके। स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के निदेशक प्रो. सुशील कुमार ने लोकतंत्र में अपना मतदान का उपयोग करना प्रत्येक मतदाता का कर्तव्य और जिम्मेदारी बनती है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अरुण कुमार मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक मतदाता द्वारा अपने मतदान करने के अधिकार का उपयोग अवश्य करना चाहिए, जो कि समाज, राज्य और देश की भलाई के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि जितना ज्यादा मतदान होगा, हमारा लोकतंत्र भी उतना ही ज्यादा मजबूत होगा। प्रतियोगिता का संचालन प्रो. आशीष कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्कूल के फैकल्टी मेंबर्स का विशेष सहयोग रहा। इस प्रतियोगिता में छात्र शिवम भारद्वाज का मतदान के महत्व के पक्ष में तथा छात्र विशाल वर्मा का विपक्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। इस दौरान स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के 51 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। वि0

**09 APRIL**

# आईएफटीएम यूनिवर्सिटी में हुआ 'मतदान का महत्व' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में "मतदान का महत्व" विषय पर आयोजित हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता आईएफटीएम विश्व. विद्यालय में स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज की ओर से "मतदान का महत्व" विषय पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रतियोगिता का आयोजन विद्यार्थियों में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दृष्टि से अत्यंत लाभदायी सिद्ध होगा। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने 'मतदान की उपयोगिता' विषय के संदर्भ में अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर प्रतिकुलपति-रिसर्च एंड डेवलपमेंट व फार्मेसी विभाग के डीन प्रो. नवनीत वर्मा ने कहा कि आज के युवाओं को चुनाव के महत्व और मतदान दोनों के प्रति जागरूक किए जाने की आवश्यकता है, ताकि देश में अच्छी सरकार बन सके। स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के निदेशक प्रो. सुशील कुमार ने लो. कतंत्र में अपना मतदान का उपयोग करना प्रत्येक मतदाता का कर्तव्य और जिम्मेदारी बनती है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अरुण कुमार मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक मतदाता द्वारा अपने मतदान करने के अधिकार का उपयोग अवश्य करना चाहिए, जो कि समाज, राज्य और देश की भलाई के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि जितना ज्यादा मतदान होगा, हमारा लोकतंत्र भी उतना ही ज्यादा मजबूत होगा। प्रतियोगिता का संचालन प्रो. आशीष कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्कूल के फैकल्टी मेंबर्स का विशेष सहयोग रहा। इस प्रतियोगिता में छात्र शिवम भारद्वाज का मतदान के महत्व के पक्ष में तथा छात्र विशाल वर्मा का विपक्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। इस दौरान स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के 51 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।



**09 APRIL**

# अमर उजाला

मुरादाबाद | मंगलवार, 9 अप्रैल 2024 7

## वाद-विवाद प्रतियोगिता से बताया मतदान का महत्व

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'मतदान का महत्व' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज की ओर से हुई प्रतियोगिता में कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। प्रतिकुलपति-रिसर्च एंड डेवलपमेंट व फार्मेसी विभाग के डीन प्रो. नवनीत वर्मा ने कहा कि आज के युवाओं को चुनाव के महत्व और मतदान दोनों के प्रति जागरूक किए जाने की आवश्यकता है, ताकि देश में अच्छी सरकार बन सके। प्रतियोगिता में छात्र शिवम भारद्वाज का मतदान के महत्व के पक्ष में तथा छात्र विशाल वर्मा का विपक्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। इस दौरान प्रो. सुशील कुमार, प्रो. अरुण कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में चुनावी साक्षरता विषय पर हुआ सत्र का आयोजन






**युग बन्धु समाचार**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में एक्टिविटी क्लब और इलेक्ट्रोरल लिटरेसी क्लब की ओर से चुनावी साक्षरता विषय पर एक सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पोस्टर मेकिंग और पोस्ट कार्ड लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गईं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि व मुख्य विकास अधिकारी, मुरादाबाद एवं नोडल ऑफिसर (एसवीईईपी) श्री सुमित यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्पण कर सत्र का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सभी युवा मतदान करें व आस पड़ोस के लोगों को भी जागरूक कर-के एक अच्छी सरकार बनाने में अपना योगदान दें, ताकि राष्ट्र का विकास हो सके। लोकसभा चुनाव को एक उत्सव बताते हुए उन्होंने सलाह दी कि मतदान में प्रत्येक मतदाता को बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। साथ ही उन्होंने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा भारत का भविष्य हैं तथा उन्हें ही मतदान में अधिक से अधिक सहभागिता निभाते हुए राष्ट्र निर्माण का काम करना है। कार्यक्रम के संयोजक व आईएफटीएम विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों से आगामी लोकसभा चुनाव में अपना अधिक से अधिक योगदान देने की अपील भी की। कार्यक्रम के सह संयोजक व स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक प्रो. बी.के. सिंह ने सभी अतिथियों को बुके और प्रतीक-चिन्ह भेंट किए। कार्यक्रम का संचालन एक्टिविटी क्लब की समन्वयिका डॉ. स्वाति राय ने किया। स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमैंट की निदेशिका प्रो. निशा अग्रवाल, स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज की निदेशिका प्रो. राजकुमारी सिंह एवं यूनिवर्सिटी पॉलीटेक्निक की अपर निदेशिका प्रो. नीलू त्रिवेदी निर्णायक मंडल के सदस्य रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बी.एससी-बीएड की छात्रा प्रतिभा ने प्रथम; बी.एससी की छात्रा दीपमाला ने द्वितीय एवं बीए पाठ्यक्रम के छात्र अमित प्रताप सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में पोस्ट कार्ड लेखन प्रतियोगिता में एम.एससी-केमिस्ट्री की अनन्या त्यागी को प्रथम, छात्र शिवम कुमार को द्वितीय एवं एम.एससी-बॉटनी की छात्रा श्रद्धा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

जिला विद्यालय निरीक्षक, मुरादाबाद डॉ. अरुण कुमार दुबे, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री अजीत कुमार एवं एसवीईईपी आइकन श्रीमती ऋतु नारंग के अलावा विद्यार्थियों ने भी चुनावी साक्षरता पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने ह्यवोट आपकी आवाजह्न विषय पर भारत के मानचित्र की एक रंगोली बनाई, जिसे विद्यार्थियों ने अपने द्वारा लिखित पोस्ट कार्ड्स से सजाया गया। विद्यार्थियों ने चुनावी साक्षरता पर एक भव्य ह्यसैंड आर्ट, बनाई गई, जिसकी विशिष्ट अतिथि व अतिथियों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के निदेशक, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक और 180 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि श्री यादव द्वारा सभी को मतदान हेतु शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रतिकुलपति-एकेडेमिक्स एण्ड एडमिनिस्ट्रेशन प्रो. वैभव त्रिवेदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही तथा प्रतिकुलपति-रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट प्रो. नवनीत वर्मा एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अरूण कुमार मिश्रा समेत अन्य फैकल्टी मैंबर्स डॉ. अशोक कुमार, श्री दीपक शर्मा, सुश्री श्रुति चैधरी एवं डॉ. शिव प्रताप सिंह आदि का योगदान रहा। वि0

**09 APRIL**

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'चुनावी साक्षरता' विषय पर हुआ सत्र का आयोजन






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में एक्टिविटी क्लब और इलेक्ट्रोरल लिटरेसी क्लब की ओर से "चुनावी साक्षरता" विषय पर एक सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पोस्टर मेकिंग और पोस्ट कार्ड लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि व मुख्य विकास अधिकारी, मुरादाबाद एवं नोडल ऑफिसर (एसवीईईपी) श्री सुमित यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्पण कर सत्र का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सभी युवा मतदान करें व आस पड़ोस के लोगों को भी जागरूक करके एक अच्छी सरकार बनाने में अपना योगदान दें, ताकि राष्ट्र का विकास हो सके। लोकसभा चुनाव को एक उत्सव बताते हुए उन्होंने सलाह दी कि मतदान में प्रत्येक मतदाता को बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। साथ ही उन्होंने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा भारत का भविष्य हैं तथा उन्हें ही मतदान में अधिक से अधिक सहभागिता निभाते हुए राष्ट्र निर्माण का काम करना है।

कार्यक्रम के संयोजक व आईएफटीएम विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों से आगामी लोकसभा चुनाव में अपना अधिक से अधिक योगदान देने की अपील भी की। कार्यक्रम के सह संयोजक व स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक प्रो. बी.के. सिंह ने सभी अतिथियों को बुके और प्रतीक-चिन्ह भेंट किए। कार्यक्रम का संचालन एक्टिविटी क्लब की समन्वयिका डॉ. स्वाति राय ने किया। स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमैंट की निदेशिका प्रो. निशा अग्रवाल, स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज की निदेशिका प्रो. राजकुमारी सिंह एवं यूनिवर्सिटी पॉलीटेक्निक की अपर निदेशिका प्रो. नीलू त्रिवेदी निर्णायक मंडल के सदस्य रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बी.एससी-बीएड की छात्रा प्रतिभा ने प्रथम; बी.एससी की छात्रा दीपमाला ने द्वितीय एवं बीए पाठ्यक्रम के छात्र अमित प्रताप सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में पोस्ट कार्ड लेखन प्रतियोगिता में एम. एससी-केमिस्ट्री की अनन्या त्यागी को प्रथम, छात्र शिवम कुमार को द्वितीय एवं एम.एससी-बॉटनी की छात्रा श्रद्धा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक, मुरादाबाद डॉ. अरुण कुमार दुबे, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री अजोत कुमार एवं एसवीईईपी आइकन श्रीमती ऋतु नारंग के अलावा विद्यार्थियों ने भी चुनावी साक्षरता पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने 'वोट आपकी आवाज' विषय पर भारत के मानचित्र की एक रंगोली बनाई, जिसे विद्यार्थियों ने अपने द्वारा लिखित पोस्ट कार्ड्स से सजाया गया। विद्यार्थियों ने चुनावी साक्षरता पर एक भव्य 'सैंड आर्ट, बनाई गई, जिसकी विशिष्ट अतिथि व अतिथियों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के निदेशक, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक और 180 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि श्री यादव द्वारा सभी को मतदान हेतु शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रतिकुलपति- एकेडेमिक्स एण्ड एडमिनिस्ट्रेशन प्रो. वैभव त्रिवेदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही तथा प्रतिकुलपति- रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट प्रो. नवनीत वर्मा एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अरूण कुमार मिश्रा समेत अन्य फैकल्टी मैंबर्स डॉ. अशोक कुमार, श्री दीपक शर्मा, सुश्री श्रुति चौधरी एवं डॉ. शिव प्रताप सिंह आदि का योगदान रहा।

**09 APRIL**

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में चुनावी साक्षरता विषय पर हुआ सत्र का आयोजन



**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में एक्टिविटी क्लब और इलेक्ट्रोरल लिटरेसी क्लब की ओर से चुनावी साक्षरता विषय पर एक सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पोस्टर मेकिंग और पोस्ट कार्ड लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गईं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि व मुख्य विकास अधिकारी, मुरादाबाद एवं नोडल ऑफिसर (एसवीईईपी) श्री सुमित यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्पण कर सत्र का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सभी युवा मतदान करें व आस पड़ोस के लोगों को भी जागरूक कर- के एक अच्छी सरकार बनाने में अपना योगदान दें, ताकि राष्ट्र का विकास हो सके। लोकसभा चुनाव को एक उत्सव बताते हुए उन्होंने सलाह दी कि मतदान में प्रत्येक मतदाता को बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। साथ ही उन्होंने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा भारत का भविष्य हैं तथा उन्हें ही मतदान में अधिक से अधिक सहभागिता निभाते हुए राष्ट्र निर्माण का काम करना है। कार्यक्रम के संयोजक व आईएफटीएम विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों से आगामी लोकसभा चुनाव में अपना अधिक से अधिक योगदान देने की अपील भी की। कार्यक्रम के सह संयोजक व स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक प्रो. बी.के. सिंह ने सभी अतिथियों को बुके और प्रतीक-चिन्ह भेंट किए। कार्यक्रम का संचालन एक्टिविटी क्लब की समन्वयिका डॉ. स्वाति राय ने किया। स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमैंट की निदेशिका प्रो. निशा अग्रवाल, स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज की निदेशिका प्रो. राजकुमारी सिंह एवं यूनिवर्सिटी पॉलीटेक्निक की अपर निदेशिका प्रो. नीलू त्रिवेदी निर्णायक मंडल के सदस्य रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बी.एससी-बीएड की छात्रा प्रतिभा ने प्रथम; बी.एससी की छात्रा दीपमाला ने द्वितीय एवं बीए पाठ्यक्रम के छात्र अमित प्रताप सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में पोस्ट कार्ड लेखन प्रतियोगिता में एम.एससी-केमिस्ट्री की अनन्या त्यागी को प्रथम, छात्र शिवम कुमार को द्वितीय एवं एम.एससी-बॉटनी की छात्रा श्रद्धा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

जिला विद्यालय निरीक्षक, मुरादाबाद डॉ. अरुण कुमार दुबे, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री अजीत कुमार एवं एसवीईईपी आइकन श्रीमती ऋतु नारंग के अलावा विद्यार्थियों ने भी चुनावी साक्षरता पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने ह्यवोट आपकी आवाजह्न विषय पर भारत के मानचित्र की एक रंगोली बनाई, जिसे विद्यार्थियों ने अपने द्वारा लिखित पोस्ट काड्र्स से सजाया गया। विद्यार्थियों ने चुनावी साक्षरता पर एक भव्य ह्यसैंड आर्ट, बनाई गई, जिसकी विशिष्ट अतिथि व अतिथियों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के निदेशक, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक और 180 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि श्री यादव द्वारा सभी को मतदान हेतु शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रतिकुलपति-एकेडेमिक्स एण्ड एडमिनिस्ट्रेशन प्रो. वैभव त्रिवेदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही तथा प्रतिकुलपति-रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट प्रो. नवनीत वर्मा एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अरूण कुमार मिश्रा समेत अन्य फैकल्टी मैंबर्स डॉ. अशोक कुमार, श्री दीपक शर्मा, सुश्री श्रुति चैधरी एवं डॉ. शिव प्रताप सिंह आदि का योगदान रहा।

● आईएफटीएम विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर

# धूमधाम से मनाया गया वार्षिक सांस्कृतिक समारोह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर वार्षिक सांस्कृतिक समारोह "समावेश-2024" धूमधाम से मनाया गया। समारोह का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री राजीव कोठीवाल एवं प्रतिकुलाधिपति श्री अभिनव कोठीवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व विश्व. विद्यालय के संस्थापक स्व. ओंकार सरन कोठीवाल के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय का कुलगीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री कोठीवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आईएफटीएम की स्थापना वर्ष 1996 में की गई थी। तब से लेकर आज तक विश्वविद्यालय लगातार नई ऊंचाइयां छूता जा रहा है। इसी कड़ी ने विश्वविद्यालय को नैक की ओर से 'ए' ग्रेड भी मिला, जो कि बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं कि जब यह संस्थान देश-विदेश के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में से एक होगा। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति श्री अभिनव कोठीवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय की प्रगति में सभी लोग मिलजुल कर अपना श्रेष्ठ योगदान दे रहे हैं। कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस संस्थान के आगे बढ़ने में समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि इस संस्थान के कई विद्यार्थी देश-विदेश में अपने अभिभावकों और संस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं। कुलपति प्रो. पाण्डेय ने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान की पहचान वहां पढ़ने वाले मेधावी विद्यार्थियों से होती है। इस मौके पर कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कहा कि विश्व. विद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रत्येक वर्ष आयोजित किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम 'समावेश' में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन एक अलग अंदाज में करते हैं, जो कि अत्यंत ही सराहनीय है। "समावेश-2024" का शुभारम्भ गणेश वंदना से हुई। इसके बाद मूड्स ऑफ बॉलीवुड, साउथ इंडिया वाइब्स, होली के रंग, बॉस लेडी, कव्वाली की प्रस्तुति ने सभी दर्शकों को रोमांचित कर दिया तथा पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इसके बाद थीम समावेश की उपलब्धियां भी प्रस्तुत की गईं। 'समावेश-2024' कार्यक्रम की संयोजिका व स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका प्रो. निशा अग्रवाल एवं सह संयोजिका व अपर निदेशिका यूनिवर्सिटी पॉलीटैक्निक प्रो. नीलू त्रिवेदी ने सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा इशिका, छात्र शिवम, नाहिद एवं दिव्यांशु ने किया। विश्व. विद्यालय के प्रतिकुलपति-अकेडेमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन प्रो. वैभव त्रिवेदी ने सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ और प्रतीक-चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। डॉ. मेघा भाटिया ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रतिकुलपति-एक्सटर्नल अफेयर्स प्रो. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुलपति-रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो. नवनीत वर्मा, वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. अनुज श्रीवास्तव, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अरुण कुमार मिश्रा, आईक्यूएसी के निदेशक प्रो. राकेश कुमार यादव समेत विभिन्न स्कूलों के निदेशकों ने छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए गीत, नृत्य व अन्य कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों को खूब सराहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. स्वाति राय, डॉ. आरती गर्ग, डॉ. रिद्धि गर्ग, डॉ. अर्कजा सिंह, डॉ. नेहा शर्मा, डॉ. पूजा अग्रवाल, डॉ. देश दीपक सिंह एवं श्री निखिल गुप्ता का विशेष योगदान रहा।





**05 APRIL**

अमर उजाला
amarujala.com
मुरादाबाद | शुक्रवार, 5 अप्रैल 2024
5

# स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की रही धूम



वार्षिक सांस्कृतिक समारोह का उद्घाटन करते अतिथि। स्रोत : विवि



सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेती छात्राएं। स्रोत : विवि

मुरादाबाद। आईएफटीएम विवि में विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर वार्षिक सांस्कृतिक समारोह 'समावेश-2024' धूमधाम से मनाया गया। समारोह का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति राजीव कोठीवाल एवं प्रतिकुलाधिपति अभिनव कोठीवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व विश्वविद्यालय के संस्थापक स्व. ओंकार सरन कोठीवाल के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

इसके उपरांत विद्यार्थियों ने विवि का कुलगीत प्रस्तुत किया। कुलाधिपति राजीव कोठीवाल ने कहा कि आईएफटीएम की स्थापना वर्ष 1996 में की गई थी। तब से लेकर आज तक विश्वविद्यालय लगातार नई ऊंचाइयां छूता जा रहा है। इसी कड़ी ने विश्वविद्यालय को नैक की ओर से 'ए' ग्रेड भी मिला, जो कि बहुत बड़ी उपलब्धि है।

उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं कि जब यह संस्थान देश-विदेश के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में से एक होगा। प्रतिकुलाधिपति अभिनव कोठीवाल ने कहा कि विवि की प्रगति में सभी लोग मिलजुल कर अपना श्रेष्ठ योगदान दे रहे हैं। कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पांडेय ने कहा कि इस संस्थान के आगे बढ़ने में समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान है।

उन्होंने कहा कि इस संस्थान के कई विद्यार्थी देश-विदेश में अपने अभिभावकों और संस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम में मूड्स ऑफ बॉलीवुड, साउथ इंडिया वाइब्स, होली के रंग, बॉस लेडी, कव्वाली की प्रस्तुति ने सभी दर्शकों को रोमांचित कर दिया तथा पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इसके बाद थीम समावेश की उपलब्धियां भी प्रस्तुत की गईं। इस दौरान कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल, प्रतिकुलपति-एक्सटर्नल अफेयर्स प्रो. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुलपति-रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो. नवनीत वर्मा, वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. अनुज श्रीवास्तव, कार्यक्रम की संयोजिका प्रो. निशा अग्रवाल एवं सह संयोजिका प्रो. नीलू त्रिवेदी आदि मौजूद रहीं। ब्यूरो

**05 APRIL**

हिन्दुस्तान

मुरादाबाद, शुक्रवार, 5 अप्रैल 2024 07

# आईएफटीएम में धूमधाम से मना स्थापना दिवस

## 'समावेश-2024' का शुभारंभ गणेश वंदना से किया

**उल्लास**



आईएफटीएम में वार्षिक सांस्कृतिक समारोह 'समावेश-2024' में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विवि के स्थापना दिवस पर विवि में वार्षिक सांस्कृतिक समारोह 'समावेश-2024' धूमधाम से मनाया गया। इसका उद्घाटन कुलाधिपति राजीव कोठीवाल एवं प्रतिकुलाधिपति अभिनव कोठीवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व विवि के संस्थापक स्व. ओंकार सरन कोठीवाल के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

इसके बाद छात्रों ने विवि का कुलगीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कुलाधिपति राजीव कोठीवाल ने कहा कि आईएफटीएम स्थापना के समय से ही लगातार ऊंचाइयों को छूता जा रहा है। प्रतिकुलाधिपति अभिनव कोठीवाल ने कहा कि विवि की प्रगति में सभी लोग मिल जुलकर अपना श्रेष्ठ योगदान दे रहे हैं। कुलपति प्रो. महेंद्र प्रसाद पांडेय बोले कि, इस संस्थान के आगे बढ़ने में समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान है। इससे पहले 'समावेश-2024' का शुभारंभ गणेश वंदना से हुई। इसके बाद मूड्स ऑफ बॉलीवुड, साउथ इंडिया वाइब्स, होली के रंग, बॉस लेडी, कव्वाली की प्रस्तुति ने सभी दर्शकों को रोमांचित कर दिया। समावेश की संयोजिका व स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका प्रो. निशा अग्रवाल एवं सह संयोजिका व अपर निदेशिका यूनिवर्सिटी पॉलीटेक्निक प्रो. नीलू त्रिवेदी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा इशिका, छात्र शिवम, नाहिद एवं दिव्यांशु ने किया। प्रतिकुलपति-अकेडेमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन प्रो. वैभव त्रिवेदी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. मेघा भाटिया ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। प्रतिकुलपति-एक्सटर्नल अफेयर्स प्रो. राहुल मिश्रा, प्रतिकुलपति-रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो. नवनीत वर्मा, वित्त अधिकारी डॉ. कुशलपाल सिंह, प्रो. अनुज श्रीवास्तव, प्रो. अरुण मिश्रा, आईक्यूएसी के निदेशक प्रो. राकेश यादव, डॉ. स्वाति राय, डॉ. आरती गर्ग, डॉ. रिद्धि गर्ग, डॉ. नेहा शर्मा, डॉ. पूजा अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।

**04APRIL**

# हिन्दुस्तान

मुरादाबाद
गुरुवार
4 अप्रैल 2024



आईएफटीएम और स्क्वाड्ज के बीच हुआ एमओयू।

## आईएफटीएम और स्क्वाड्ज के बीच हुआ एमओयू

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय और नोएडा की कंपनी कोड स्क्वाड्ज के बीच एमओयू किया गया। कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल, केके बंसल तथा कोड स्क्वाड्ज कंपनी के इंस्टीट्यूशंस एंड कॉरपोरेट एलाइंस के मैनेजर मनीष कुमार ने विद्यार्थियों को नई तकनीक से अवगत कराया। विवि के कुलसचिव प्रो. अग्रवाल ने बताया कि इस समझौते से विद्यार्थियों को अत्यंत लाभ पहुंचेगा।

## शहर में आज

- **मेला**: हुल्का मंदिर पर बसौड़ा मेला सुबह 6 बजे से।
- **पुरस्कार**: सेंट मीरा एकेडमी मानसरोवर कालोनी में पुरस्कार वितरण सुबह 10 बजे।
- **उत्सव**: आईएफटीएम विश्वविद्यालय का वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव' समावेश 2024 'विवि. परिसर में सुबह 11.30 बजे।
- **वितरण**: विश्व मानवाधिकार परिषद संगठन जिला जेल में महिला कैदियों को खाद्य सामग्री बांटेगा दोपहर 1 बजे।

**04 APRIL**

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय और नोएडा की कंपनी कोड स्क्वाड्ज के बीच हुआ एमओयू



